# गढ़ीमाई उत्सव के दौरान पशु बलि न करने की अपील

प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन, ह्यूमेन सोसाइटी इंटरनेशनल (इंडिया) और पीपल फॉर एनिमल्स ने गढ़ीमाई उत्सव में पशु बलि नहीं करने की अपील की। उन्होंने दया और करुणा के साथ उत्सव मनाने की बात की। बिहार सरकार से...

हिन्दुस्तान

Newswrap ▪ हिन्दुस्तान, पटना

Sat, 16 Nov 2024 07:57 PM

Share

प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन ,ह्यूमेन सोसाइटी इंटरनेशनल (इंडिया) और पीपल फॉर एनिमल्स ने गढ़ीमाई उत्सव में पशु बलि नहीं करने की अपील की। प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक आचार्य प्रशांत, पीपल फॉर एनिमल्स की गौरी मॉलेखी, ह्यूमेन सोसाइटी इंटरनेशनल की एमडी अलोकपर्ण सेनगुप्ता ने दयालुता के साथ उत्सव मनाने का आग्रह किया। कहा कि भक्ति का उद्देश्य करुणा होनी चाहिए, न कि क्रूरता। शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि नेपाल में गढ़ीमाई उत्सव के दौरान बलि के लिए बिहार से भारी मात्रा में भैंस, बकरी, सुअर, कबूतर, और मुर्गों तस्करी करके ले जाया जाता है। उन्होंने बिहार सरकार से पशुओं के अवैध तस्करी पर रोक लगाने की भी मांग की। इसी संदर्भ में उन्होंने शनिवार को बिहार के मुख्य सचिव से मुलाकात भी की। बताया कि मुख्य सचिव ने भी बिहार से किसी भी पशु को बलि के लिए तस्करी नहीं होने देने का आश्वासन दिया।